<u>कोर्स रिपोर्ट</u>

इन्वेस्टिगेशन ऑफ साईबर क्राईम केसेज

राजस्थान पुलिस अकादमी में इन्वेस्टिगेशन ऑफ साईबर क्राईम केसेज विषय पर दिनांक 21.11.2016 से 30.11.2016 तक बीपीआरएण्डडी द्वारा प्रायोजित कोर्स आरपीए, जयपुर में आयोजन किया गया।



इस कोर्स में पुलिस के उप निरीक्षक पुलिस से पुलिस निरीक्षक रैंक के 29 अधिकारियों ने अपनी प्रतिभागिता दर्ज कराई। इस कोर्स के कोर्स डायरेक्टर श्री दिलीप सैनी, सहायक निदेशक (विशिष्ठ कोर्स एवं सी.ओ.ई.) ने कोर्स की प्रस्तावना के साथ कोर्स की शुरूआत की। इसके पश्चात् प्रथम दिवस से साईबर क्राईम के विभिन्न विषयों पर विषय विशेषज्ञों द्वारा वर्तमान में हो रहे साईबर क्राईम से संबंध जोड़ते हुए अपने–अपने विषयों पर व्याख्यान दिये गये जिसमें मुख्य रूप से भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी श्री शरत कविराज, भारतीय पुलिस सेवा के सेवानिवृत अधिकारी डॉ सीबी शर्मा, वरिष्ठ आईटी विशेषज्ञ श्री सचिन शर्मा द्वारा मुख्यरूप से तकनीकी विषयों पर विशेष जोर दिया गया।

इसी कड़ी में विशेषरूप से मोबाईल फोरेसिंक हेतु राष्ट्रीय प्रोद्यौगिकी संस्थान, जयपुर के सहायक प्रोफेसर डॉ एम्मानुल शुभांकर पिल्ली एवं डॉ विश्वास भारद्धाज, सीनियर

साईंटिस्ट, एफएसएल, जयपुर को आमंत्रित किया गया। साईबर क्राईम के विभिन्न न्यायिक निर्णयों हेतु राजस्थान उच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री कपिल गुप्ता को आमंत्रित किया गया। बैंकिंग फ्रोड से संबंधित विभिन्न क्राईम हेतु श्री शेखर सिंह, मैनेजर इन्वेस्टिगेशन, एचडीएफसी बैंक को आमंत्रित किया गया जिन्होने केस स्टडी के माध्यम से प्रतिभागियों को बैंकिंग फ्रोड को इन्वेस्टीगेट करने की जानकारी दी।

प्रतिभागियों को सोशियल मीडिया के संबंधित साईबर क्राईम की प्रैक्टिकल जानकारियां उपलब्ध करवाने हेतु साईबर पुलिस स्टेशन/एटीएस, जयपुर में पदस्थापित से श्री गजेन्द्र शर्मा, उप निरीक्षक पुलिस एवं श्री राजेश दुरेजा, पुलिस निरीक्षक को आमंत्रित किया गया।

कोर्स के अंतिम दिन समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमान राजीव दासोत, एडीजीपी कम डायरेक्टर, आरपीए ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कोर्स के बारे में विस्तार से चर्चा की तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विकास से जो नवीनतम तकनीकी आई है जिसका प्रयोग आज आम हो गया है अतः अब अपराधी भी इस प्रकार की तकनीकों का इस्तेमाल करने लग गए है जोकि पुलिस के समक्ष एक चुनौती है इस चुनौती का सामना करने हेतु युवा पुलिस अधिकारियों को तैयार रहने का आह्वान श्रीमान ने किया है।

समारोह के अन्त में मुख्य अतिथि महोदय द्वारा प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण किये गये।